**III. पौधशाला में बिक्री हेतु फलदार / बागवानी / सजावटी पौधे**

| स्थानीय नाम | वानस्पतिक नाम | स्थानीय नाम | वानस्पतिक नाम |
|---|---|---|---|
| आंवला | *एंबलिका ओफिसिनेलिस* | बोगनविलिया | *बोगेनविलिया स्पीसीज* |
| गूंदा | *कोर्डिया मिक्सा* | हरसिंगार | *निक्टेन्थस आर्बर ट्रिस्टिस* |
| सीताफल | *एनोना स्वचैमोसा* | सेमल | *बोंबेक्स सीबा* |
| नींबू | *साइट्रस लिमोन* | सप्तपर्णी | *एलस्टोनिया स्कोलेरिस* |
| जामुन | *साइजीजियम क्यूमिनी* | पारस पिपली | *थेस्पेसिया पोपुलनियां* |
| इमली | *टेमेरिडंस इंडिका* | सहजन | *मोरिगां ओलिफेरा* |
| खारी बादाम | *टर्मिनेलिया कटप्पा* | चांदनी | *टेबरनेईमोंटाना डाईवेरिकाटा* |
| बेर | *जिजिफस मोरिशिआना* | कनेर लाल | *नीरियम इंडिकम* |
| खिरनी | *मानीलकारा हेक्सएंड्रा* | अडेनियम | *अडेनियम ओबेसम* |
| शहतूत | *मोरस अल्बा* | कथल | *आर्टोकार्पस हिटरोफिल्लस* |

**आदर्श पौधशाला में तैयार विभिन्न खादों की बिक्री दर**

| खरीद की मात्रा | 1 किलो से 100 किलो तक (खुदरा) | 101 किलो से 200 किलो तक (थोक) | 201 किलो एवं उससे अधिक |
|---|---|---|---|
| सामान्य नीम पत्ती खाद (रुपये / किलो) | 20 | 16 | 14 |
| मूल्य वर्धित नीम खाद (ट्राइकोडर्मा, **PSB/AM** इत्यादि) (रुपये / किलो) | 25 | 20 | 15 |
| मिश्रित पत्ती खाद (रुपये किलो) | 15 | 12 | 10 |
| विवरण | 5 किलो के ब्रांडेड पैकिंग बैग में उपलब्ध कराई जा रही है। | थोक बिक्री बड़े बैग में या बिना बैग से की जा सकती है। नर्सरी स्टाफ द्वारा लोडिंग मुफ्त में की जायेगी। | |

*रोपाई / खाद की दरें समय-समय पर संशोधन की जाती हैं ।








किसानों द्वारा नीम पत्ती जैविक खाद एवं विभिन्न प्रजाति के पौधों की खरीद

**द्वारा प्रकाशितः**

एम.आर. बालोच, भा.व.से.
निदेशक
शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
पोस्ट ऑफिस कृषि मंडी, न्यू पाली रोड, जोधपुर-342005 राजस्थान
वेब : http://afri.icfre.org ईमेल : dir _afri@icfre.org
फोन : +91-0291-2722549 फैक्स : +91-0291-2722764

**संकलन**

डॉ. महेश्वर टी. हेगड़े, वैज्ञानिक-एफ, प्रभागाध्यक्ष, व.सं.एवं प्र.प्रभाग
एवं श्री ए. दुराई, सी.टी.ओ., नर्सरी प्रभारी


**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-**

श्री सादुल राम देवड़ा टी.ओ. (पौधशाला साइट प्रभारी)
फोन: +91-0291-2722360 मोबाइल : 9828471792
ईमेल : sadul1970@gmail.com

प्रारुपण : श्रीमती कुसुम परिहार, एस.टी.ओ. विस्तार प्रभाग (2020-21)

Printed by : Shanta Printers & Stationars, Jodhpur # 0291-2654321

# आदर्श पौधशाला
## आफरी



## शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
**(ARID FOREST RESEARCH INSTITUTE)**

(भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद, पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

पोस्ट ऑफिस कृषि मंडी, न्यू पाली रोड, जोधपुर-342005
(राजस्थान)

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (ए.एफ.आर.आई.) की आदर्श पौधशाला, आफरी मुख्य परिसर से लगभग एक किलोमीटर दूर कृष्णा नगर में मै. नरपत पेट्रोल पंप के पास, न्यू पाली रोड (राष्ट्रीय राजमार्ग 62) पर स्थित है। लगभग 6.4 हेक्टेयर आयताकार क्षेत्र में फैली हुई इस पौधशाला की स्थलाकृति समतल और मिट्टी दोमट बलुई है। इसको 6 फीट की पत्थर की दीवार और कांटेदार तार की बाड़ द्वारा संरक्षित किया गया है। यह नर्सरी अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे से सुसज्जित है तथा यहाँ फलदार, औषधीय, छायादार व वानिकी प्रजातियों के पौध तैयार किए जाते है।

यहाँ प्रति वर्ष शुष्क क्षेत्र की प्रजातियों, सजावटी एवं एवेन्यू के लगभग 50,000 पौधे और 10,000 औषधीय पौधों का उत्पादन किया जाता है। इन पौधों की आपूर्ति मुख्य रुप से जोधपुर और उसके आसपास स्थित राज्य वन विभागों, विभिन्न सरकारी संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, किसानों और कई शैक्षणिक संस्थानों के अलावा पड़ोसी राज्यों में भी की जा रही हैं। नर्सरी तकनीक, वृक्षारोपण तकनीक और रोपण स्टॉक सुधार पर प्रशिक्षण भी इन सभी उपयोगकर्ता एजेंसियों को नियमित रुप से आफरी वैज्ञानिकों व वन अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाता है। वर्तमान निदेशक आफरी की पहल पर उच्च गुणवत्ता वाली नीम व मिश्रित पत्तों की जैविक खाद भी नर्सरी में बनाई एवं बेची जा रही है।

## आधारभूत संरचना एवं सुविधाएं

**छाया घर:** लोहे के खम्भों व एग्रो नेट (70:30) से निर्मित कुल 5 छाया घर इस पौधशाला में उपलब्ध हैं। पौधों को समान रुप से पानी उपलब्ध हो, इस हेतु छाया घर में छिड़काव सिंचाई प्रणाली की व्यवस्था भी है। पौधों की प्रकृति व उपयोग के आधार पर छायाघर नामांकित किये गए हैं।

**कम्पोस्ट/जैविक खाद इकाई:** आफरी मुख्य परिसर एवं नर्सरी में नीम पत्ती एवं विभिन्न पत्तियों के मिश्रण से अपघटन की एरोबिक विधि का उपयोग करके खाद का उत्पादन व बिक्री की जा रही है। खाद के विभिन्न पोषक तत्वों को लैब में जांचकर इसका ब्रान्डीकरण किया गया है। यह जैविक खाद किसानों द्वारा बहुत पसंद की जा रही है। नर्सरी में एक केंचुआ खाद (वर्मी-कम्पोस्ट) यूनिट भी है।

**कंक्रीट सीड बेड (मदर बेड):** बीज अंकुरण के लिए आवश्यक पोषक मिश्रण से भरे, 10 मीटर X 1 मीटर X 1.8 मीटर आकार के उठे हुए स्थायी कंक्रीट के सीड बेड बने हुए है।

**काँच या धुंध घर:** नियंत्रित तापमान एवं नमी प्रणाली युक्त एक काँच घर कटिंग्स/ग्राफ्टिंग्स हेतु उपलब्ध है।

**कैक्टस एवं सक्कूलेंट (मांसल) पौधों का उद्यान:** यह सुविधा हाल ही में (2019-20) वर्तमान निदेशक की परिकल्पनानुसार स्थापित की जा रही है। देश के विभिन्न भागों से केक्टस व सक्कूलेंट पौधों की 250 से ज्यादा प्रजातियों को लगाया जा रहा है।



**वृक्ष उद्यान:** मॉडल नर्सरी के पास ही 2.5 हे. वृक्ष उद्यान में स्थानीय महत्त्वपूर्ण प्रजातियों के 85 तरह के वृक्ष लगाये गए हैं।



**औषधीय पादप उद्यान:** वानस्पतिक नाम और उनके उपयोगों के प्रदर्शन के साथ औषधीय पौधों की 79 प्रजातियों का एक जर्मप्लाज्म बैंक भी स्थापित किया गया है। इसका उपयोग वन विभाग के कर्मियों, छात्रों और किसानों के प्रशिक्षण में किया जाता है। औषधीय पौधों को बड़े पैमाने पर प्रचारित व प्रसारित किया जाता है और मांग के आधार पर जनता को बेचा जाता है।

**कायिक जनन:** आनुवंशिक रुप से समान गुणों वाली उत्तम किस्मों के पौधों का गुणन कर क्लोन तैयार किए जाते हैं। यहाँ पादप हार्मोन के उपयोग से कलम में जड़ प्रस्फुटन करना, एयर लेयरिंग तथा कलिका कलम विधियों से गुग्गल, नींबू, बेर प्रजातियों तथा कैक्टस आदि का कायिक प्रवर्धन भी किया जाता है। यहाँ बोनी व कांटों रहित थार-शोभा खेजड़ी की ग्राफ्टिंग भी शुरु की गई है।

## पौध उत्पादन एवं बिक्री

उच्च गुणवत्ता वाले विभिन्न वानिकी प्रजाति के पौधे, औषधीय पौधे, सजावटी पौधे और फलदार पौधे नियमित रुप से तैयार कर विभिन्न संस्थाओं को बेचे जाते हैं तथा शोध कार्यों में उपयोग में लिए जाते हैं।

विभिन्न आकार के पौधो की बिक्री दर निम्नलिखित है -

| प्रजाति | पोलिबैग आकार | पौध लंबाई (ऊँचाई) | दर (रुपये प्रति) पौध |
|---|---|---|---|
| सभी प्रजातियाँ | 10 सेमी x10 सेमी | < 1.0 फुट | 15 |
| | 10 सेमी x 20 सेमी | 1.0-2.0 फुट | 40 |
| | 15 सेमी x 25 सेमी | > 2 फुट लंबा | 80 |



### I. पौधशाला में उपलब्ध सामान्य वानिकी वृक्ष प्रजातियों के पौधे

| क्रमांक | स्थानीय नाम | वानस्पतिक नाम |
|---|---|---|
| 1 | देशी बबूल | *अकेशिया निलोटिका* |
| 2 | खैर | *अकेशिया कटेचू* |
| 3 | सप्तवर्णी | *एलस्टोनिया स्कोलेरिस* |
| 4 | नीम | *अजेडाइरेक्टा इंडिका* |
| 5 | शीशम | *डल्बर्जिया सिसू* |
| 6 | गुलमोहर | *डेलोनिक्स रेजिया* |
| 7 | गमार | *मेलिना आरबोरिया* |
| 8 | बड़ | *फायकस बेंगालेन्सिस* |
| 9 | पीपल | *फायकस रिलेजिओसा* |
| 10 | करंजी | *पोगामिया पिन्नाटा* |
| 11 | खेजड़ी | *प्रोसोपिस सिनरेरिया* |
| 12 | लाल चन्दन | *टेरोकार्पस सेंटेलिनस* |
| 13 | सफेद चन्दन | *सेंटेलम एल्बम* |
| 14 | रोहिड़ा | *टिकोमेला अंड्लेटा* |
| 15 | अर्जुन | *टर्मिनेलिया अर्जुना* |
| 16 | जाल | *साल्वाडोरा पर्सिका* |
| 17 | कुमट | *अकेसिया सेनेगल* |










### II. पौधशाला में बिक्री हेतु औषधीय पौधे -






| क्रमांक | स्थानीय नाम | वानस्पतिक नाम |
|---|---|---|
| 1 | ग्वार पाठा | *एलो वेरा* |
| 2 | गुग्गल | *कौमीफोरा वाइटिआइ* |
| 3 | अश्वगंधा | *विथेनिया सोम्निफेरा* |
| 4 | बंसा (अडूसा) | *आधाटोडा वसीका* |
| 5 | मोपेन | *कोलोफोस्पर्मम मोपेन* |
| 6 | पता अजवाइन | *पेलेट्रांथस एम्बोनिकस* |
| 7 | तुलसी | *ओसिमम सेंक्टम* |
| 8 | मीठा नीम | *मुर्राया कोइनिगी* |
| 9 | वज्रदंती | *बारलेरिया प्रायोनीटीस* |
| 10 | शतावरी | *एस्पेरेगस रेसीमोसस* |
| 11 | भाकर आक | *कैलोट्रोपिस गिगेंटिया* |

